# प्रेस नोट दिनांक 25.05.2025

**जनपद चन्दौली**

**◆पुलिस अधीक्षक चन्दौली श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में एसओजी/स्वाट/सर्विलांस की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से कुल-151 गुमशुदा व खोए मल्टीमीडिया मोबाइल सेट किये गये बरामद**

**◆ बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रूपये**

**◆ अपर पुलिस अधीक्षक सदर चन्दौली द्वारा शिविर पुलिस लाईन चन्दौली के नवीन सभागार में 151 गिरे/खोये मल्टीमीडिया मोबाइलों को उनके स्वामियों को किया गया वितरित**

**◆चन्दौली पुलिस का किया हृदय से आभार व्यक्त**

**◆ चन्दौली पुलिस द्वारा दिनांक 10.11.2023 को 125 मोबाइल सेट (कीमत लगभग 18.75 लाख रू0) व दिनांक 11.03.2024 को 101 मोबाइल सेट (कीमत लगभग 16.00 लाख रू0) को बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया है सुपुर्द।**

चन्दौली पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 151 गिरे/खोये विभिन्न कंपनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद, बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 30 लाख रूपये।

श्री आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त खोये/गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए एसओजी/स्वाट/सर्विलांस की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। मोबाईल फोन की बरामदगी हेतु गठित पुलिस टीमों द्वारा अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के *कुल-151 मल्टीमीडिया मोबाइल कीमत लगभग 30 लाख रूपये बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

आज दिनांक-25.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सदर श्री अनन्त चन्द्रशेखर (आईपीएस) व श्री कृष्ण मुरारी शर्मा क्षेत्राधिकारी क्राइम द्वारा शिविर पुलिस लाईन, चन्दौली के नवीन सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

नोट- प्राप्त प्रार्थना पत्र के आवेदकों द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक चन्दौली व सर्विलांस सेल चन्दौली की टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

चन्दौली पुलिस द्वारा नवम्बर 2023 से अब तक कुल 377 मोबाइल सेट (जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 64.75 रू0) उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया है।
दिनांक 10.11.2023 को 125 मोबाइल सेट (कीमत लगभग 18.75 लाख रू0) व दिनांक 11.03.2024 को 101 मोबाइल सेट (कीमत लगभग 16.00 लाख रू0) को बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया है सुपुर्द।

**कुल बरामदगी –**

151 मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमत लगभग-30,00,000 रूपये।

**मोबाइल बरामद करने वाली टीम-**

श्री कृष्ण मुरारी शर्मा क्षेत्राधिकारी क्राइम

उ0नि0 आशीष मिश्रा (प्रभारी स्वाट/सर्विलांस)

हे0का0 प्रेम प्रकाश यादव सर्विलांस

हे0का0 मन्टु कुमार सिंह सर्विलांस

हे0का0 राणा प्रताप सिंह स्वाट/SOG

हे0का0 आनन्द सिंह स्वाट/SOG

हे0का0 विजेन्द्र कुमार सिंह स्वाट/SOG

हे0का0 रामानन्द यादव स्वाट/SOG

हे0का0 अरविन्द कुमार स्वाट/SOG

का0 नीरज कुमार मिश्रा सर्विलांस

का0 अजीत कुमार सिंह सर्विलांस

का0 मनीष कुमार प्रसाद सर्विलांस

का0 गणेश तिवारी सर्विलांस

का0 संदीप कुमार सर्विलांस

का0 मनोज कुमार यादव सर्विलांस